**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1927**

**30 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**एनसीआर क्षेत्रीय योजना-2041 के अंतर्गत नमो शहर**

**†1927. श्री गुरमीत सिंह मीत हायेरः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) एनसीआर क्षेत्रीय योजना-2041 के अंतर्गत प्रस्तावित नमो शहर की वर्तमान स्थिति, मुख्य विशेषताएं और वित्तीय रूपरेखा क्या है;

(ख) क्या सरकार का देश के अन्य क्षेत्रों में समान ग्रीनफील्ड सिटी मॉडल विकसित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले पंद्रह वर्षों के दौरान देश में विकसित पूरी तरह से ग्रीनफील्ड शहरों की कुल संख्या कितनी है; और

(घ) क्या पंजाब राज्य में दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे के साथ एकीकृत स्मार्ट टाउनशिप या हरित शहर विकसित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री तोखन साहू)**

(क): भारत के संविधान की बारहवीं अनुसूची के अनुसार शहरी नियोजन, भूमि उपयोग का विनियमन तथा नए शहरों एवं टाउनशिप का विकास सहित शहरी विकास, शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी)/राज्यों के कार्य हैं। भारत सरकार नीतिगत मार्ग निर्देश, तकनीकी सहायता तथा विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से राज्यों के प्रयासों में सहायता करती है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड ने 16 जून, 2026 को आयोजित अपनी 42वीं बैठक में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए प्रारूप क्षेत्रीय योजना-2041 पर विचार किया। इस योजना के अंतर्गत नमो भारत/रीजनल रैपिड ट्रांज़िट सिस्टम (आरआरटीएस) कॉरोडोरों के चयनित मौजूदा या प्रस्तावित स्टेशनों पर मिश्रित उपयोग आधारित, पारगमन-उन्मुख विकास के रूप में "स्कीम फॉर आरआरटीएस ग्रोथ नोड्स" विकसित किए जाने का प्रस्ताव है। 5,000 करोड़ रु. का एक कार्य-निष्पादन आधारित प्रोत्साहन ढांचा प्रस्तावित किया गया है, जिसमें अनुदान, ऋण तथा

गारंटी सहायता का सम्मिश्रण शामिल है। इसमें 1,000 करोड़ रु. का अनुदान घटक भी प्रस्तावित है। प्रस्तावित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एनसीआरपीबी) सहायता का प्रयोजन इन शहरी विकास केंद्रों में इन्फ्रास्ट्रक्चर निवेश तथा सुनियोजित विकास को प्रोत्साहित करना है।

(ख) से (घ): भारत सरकार वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा प्रशासित केंद्रीय क्षेत्र की योजना, राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के अंतर्गत देश के विभिन्न क्षेत्रों में ग्रीनफील्ड औद्योगिक शहरों एवं नोड्स के विकास को सुगम बना रही है। इस योजना का उद्देश्य वैश्विक मानकों के अनुरूप ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहरों/क्लस्टरों का सृजन करना है। अब तक एनआईसीडीपी के अंतर्गत पंजाब में राजपुरा-पटियाला स्थित एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर सहित 20 परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया है, उनका विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

पिछले पंद्रह वर्षों में, अनेक राज्य सरकारों ने कई ग्रीनफील्ड शहरों तथा नए शहरी केंद्रों की शुरुआत की है अथवा उनका विस्तार किया है। इनमें गुजरात में धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र तथा गिफ्ट सिटी, आंध्र प्रदेश में अमरावती, छत्तीसगढ़ में अटल नगर-नवा रायपुर, महाराष्ट्र में केएससी न्यू टाउन तथा ओडिशा में नए शहरों के विकास संबंधी पहलें शामिल हैं। ये परियोजनाएं योजना निर्माण एवं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं तथा संबंधित राज्यों की योजना, सांविधिक एवं बजटीय रूपरेखाओं के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही हैं।

****

**अनुलग्नक**

**एनसीआर क्षेत्रीय योजना-2041 के अंतर्गत 'नमो शहर' के विषय में दिनांक 30 जुलाई, 2026 को लोक सभा में पूछे जाने वाला अतारांकित प्रश्न संख्या 1927 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**राष्ट्रीय औद्योगिक गलियाए विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के तहत अनुमोदित परियोजनाओं का विवरण**

| क्र. सं. | परियोजना और गलियारा का नाम | क्षेत्रफल एकड़ में | अनुमोदित |
|---|---|---|---|
| 1. | धोलेरा, गुजरात - दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कोरिडोर (डीएमआईसी) | 5,570 | मई 2015 |
| 2. | शेंद्र, महाराष्ट्र - डीएमआईसी | 2,073 | मई 2015 |
| | बिडकिन, महाराष्ट्र - डीएमआईसी | 7,855 | नवंबर 2016 |
| 3. | आईआईटी- ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश - डीएमआईसी | 747 | जनवरी 2014 |
| 4. | आईआईटी- विक्रम उद्योगपुरी, मध्यप्रदेश- डीएमआईसी | 1,100 | जनवरी 2014 |
| 5. | आईएमएलएच-एनसी, हरियाणा - डीएमआईसी | 886 | मई 2018 |
| 6. | एमएमएलएच -दादरी, उत्तर प्रदेश - डीएमआईसी | 825 | दिसंबर 2020 |
| | एमएमटीएच - बोराकी, उत्तर प्रदेश - डीएमआईसी | 358 | दिसंबर 2020 |
| 7. | कृष्णापट्टनम, आंध्र प्रदेश - चेन्नई-बेंगलुरु इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (सीबीआईसी) | 2,006 | दिसंबर 2020 |
| 8. | तुमकुरु, कर्नाटक - सीबीआईसी | 1,736 | दिसंबर 2020 |
| 9. | दिघी, महाराष्ट्र - डीएमआईसी | 6,056 | अगस्त 2024 |

| क्र. सं. | परियोजना और गलियारा का नाम | क्षेत्रफल एकड़ में | अनुमोदित |
|---|---|---|---|
| 10. | जेपीएमआईए, राजस्थान - डीएमआईसी | 1,577 | अगस्त 2024 |
| 11. | राजपुरा, पंजाब - अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (एकेआईसी) | 1,099 | अगस्त 2024 |
| 12. | खुरपिया, उत्तराखंड - एकेआईसी | 1,002 | अगस्त 2024 |
| 13. | हिसार, हरियाणा - एकेआईसी | 2,988 | अगस्त 2024 |
| 14. | आगरा, उत्तर प्रदेश - एकेआईसी | 1,058 | अगस्त 2024 |
| 15. | प्रयागराज, उत्तर प्रदेश - एकेआईसी | 351 | अगस्त 2024 |
| 16. | गया, बिहार - एकेआईसी | 1,670 | अगस्त 2024 |
| 17. | कोपर्थी, आंध्र प्रदेश - विशाखापट्नम-चेन्नई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (वीसीआईसी) | 2,595 | अगस्त 2024 |
| 18. | ओरवाकल, आंध्र प्रदेश-हैदराबाद-बेंगलुरु इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (एचबीआईसी) | 2,621 | अगस्त 2024 |
| 19. | जहीराबाद, तेलंगाना - हैदराबाद-नागपुर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (एचएनआईसी) | 3,245 | अगस्त 2024 |
| 20. | पलक्कड़, केरल - सीबीआईसी एक्सटेंशन | 1,710 | अगस्त 2024 |
| कुल योग | | 49,128 | |

*****